MAY 2019

# KPT2 (H)

Roll No. ............................ **IPCE (New Syllabus)** Total No. of Printed Pages – 20

**Paper - 2**

Total No. of Questions – 5 **Corporate & Other Laws** Maximum Marks – 70

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet only. Answers to questions in Part II are to be written on the descriptive type answer book. Answers to MCQs, if written in the descriptive type answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book. No bar code sticker is to be affixed on the OMR answer sheet.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) OMR answer sheet thereon and (c) the answer book in respect of descriptive type answer book to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II **70 marks**

1. Question paper comprises **5** questions. Answer Question No. 1 which is compulsory and any **3** out of the remaining **4** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

**PART –II**

1. (a) As at 31st March, 2018, the paid-up share capital of S Ltd. is ₹ 1,00,00,000 divided into 10,00,000 equity shares of ₹ 10 each. Of this, H Ltd. is holding 6,00,000 equity shares and 4,00,000 equity shares are held by others. Simultaneously, S Ltd. is holding 5% equity shares of H Ltd. out of which 1 % shares are held as a legal representative of a deceased member of H Ltd. On the basis of the given information, examine and answer the following queries with reference to the provisions of the Companies Act, 2013 : 4

(i) Can S Ltd. make further investment in equity shares of H Ltd. during 2018-19 ?

(ii) Can S Ltd. exercise voting rights at Annual general meeting of H Ltd. ?

(iii) Can H Ltd. allot or transfer some of its shares to S Ltd. ?

(b) (i) Modern Jewellery Ltd. decides to pay 5% of the issue price gap of shares as underwriting commission to the underwriters, but the Articles of the company authorize only 4% underwriting commission on shares. Examine the validity of the above decision under the provision of the Companies Act, 2013. 2

(ii) PQ Ltd. declared and paid 10% dividend to all its share holders except Mr. Kumar, holding 500 equity shares, who instructed the company to deposit the dividend amount directly in his bank account. The company accordingly remitted the dividend, but the bank returned the payment on the ground that the account number as given by Mr.Kumar doesn't tally with the records of the bank. The company, however, did not inform Mr. Kumar about this discrepancy. Comment on this issue with reference to the provisions of the Companies Act, 2013 regarding failure to distribute dividend. 2



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(c) The Government of India is holding 51% of the paid-up equity share capital of Sun Ltd. The Audited financial statements of Sun Ltd. for the financial year 2017-18 were placed at its annual general meeting held on 31st August, 2018. However, pending the comments of the Comptroller and Auditor General of India (CAG) on the said accounts the meeting was adjourned without adoption of the accounts. On receipt of CAG comments on the accounts, the adjourned annual general meeting was held on 15th October, 2018 whereat the accounts were adopted. Thereafter, Sun Ltd. filed its financial statements relevant to the financial year 2017-18 with the Registrar of Companies on 12th November, 2018. Examine, with reference to the applicable provisions of the Companies Act, 2013, whether Sun Ltd. has complied with the statutory requirement regarding filing of accounts with the Registrar ? 4

(d) Manoj guarantees for Ranjan, a retail textile merchant, for an amount of ₹ 1,00,000, for which Sharma, the supplier may from time to time supply goods on credit basis to Ranjan during the next 3 months. 4

After 1 month, Manoj revokes the guarantee, when Sharma had supplied goods on credit for ₹ 40,000. Referring to the provisions of the Indian Contract Act , 1872, decide whether Manoj is discharged from all the liabilities to Sharma for any subsequent credit supply. What would be your answer in case Ranjan makes default in paying back Sharma for the goods already supplied on credit i.e ₹ 40,000 ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(e) Ram purchases some goods on credit from Singh, payable within 3 months. After 2 months, Ram makes out a blank cheque in favour of Singh, signs and delivers it to Singh with a request to fill up the amount due, as Ram does not know the exact amount payable by him. 3

Singh fills up fraudulently the amount larger than the amount payable by Ram and endorses the cheque to Chandra in full payment of Singh's own due. Ram's cheque is dishonoured. Referring to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881, discuss the rights of Singh and Chandra.

2. (a) State, with reasons, whether the following statements are True or False ?

(i) ABC Private Limited may accept the deposits from its members to the extent of ₹ 50.00 Lakh, if the aggregate of its paid-up capital, free reserves and security premium account is ₹ 50.00 Lakh. 1

(ii) A Government Company, which is eligible to accept deposits under Section 76 of the Companies Act, 2013 cannot accept deposits from public exceeding 25% of the aggregate of its paid-up capital, free reserves and security premium account. 1

(iii) The Registrar of Companies is not bound to issue notice to the holder of charge, if the company gives intimation of satisfaction of charge in the specified form and signed by the holder of charge. 1

(iv) The Registrar of Companies may allow the company or holder of charge to file intimation within a period of 300 days of the satisfaction of charge on payment of fee and additional fees as may be prescribed. 1



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) (i) The Income Tax Authorities in the current financial year 2019-20 observed, during the assessment proceedings, a need to re-open the accounts of Chetan Ltd. for the financial year 2008-09 and, therefore, filed an application before the National Company Law Tribunal (NCLT) to issue the order to Chetan Ltd. for re-opening of its accounts and recasting the financial statements for the financial year 2008-09. Examine the validity of the application filed by the Income Tax Authorities to NCLT. 3

(ii) The Board of Directors of A Ltd. requested its Statutory Auditor to accept the assignment of designing and implementation of suitable financial information system to strengthen the internal control mechanism of the Company. How will you approach to this proposal, as an Statutory Auditor of A Ltd., taking into account the consequences, if any, of accepting this proposal ? 3

(c) Aarthi is the wife of Naresh. She purchased some sarees on credit from M/s Rainbow Silks, Jaipur. 4

M/s Rainbow Silks, Jaipur demanded the amount from Naresh. Naresh refused. M/s Rainbow Silks, Jaipur filed a suit against Naresh for the said amount. Decide in the light of provisions of the Indian Contract Act, 1872, whether M/s Rainbow Silks, Jaipur would succeed ?

(d) Explain the concept of 'Noting', 'Protest' and 'Protest for better security' as per the Negotiable Instruments Act, 1881. 3



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

3. (a) Which fund may be utilized by a public limited company for purchasing (buy back) its own shares ? Also explain the provisions of the Companies Act, 2013 regarding the circumstances in which a company is prohibited to buy back its own shares. **5**

(b) (i) Alex limited is facing loss in business during the financial year 2018-2019. In the immediate preceding three financial years, the company had declared dividend at the rate of 7%, 11% and 12% respectively. The Board of Directors has decided to declare 12% interim dividend for the current financial year atleast to be in par with the immediate preceding year. Is the Act of the Board of Directors valid ? **3**

(ii) The Directors of East West Limited proposed dividend at 15% on equity shares for the financial year 2017-2018. The same was approved in the Annual general body meeting held on 24th October 2018. The Directors declared the approved dividends. **2**

Mr. Binoy was the holder of 2000 equity of shares on 31st March, 2018, but he transferred the shares to Mr. Mohan, whose name has been registered on 18th June, 2018. Who will be entitled to the above dividend ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(c) (i) 'M' draws bill on 'N'. 'N' accepts the bill without any consideration. The bill is transferred to 'O' without consideration. 'O' transferred it to 'P' for ₹ 10,000. On dishonor of the bill, 'P' sued 'O' for recovery of the value of ₹ 10,000. Examine whether 'O' has any right to action against M and N ? 2

(ii) A Bill of Exchange was made without mentioning any time for payment. The holder added the words "on demand" on the face of the instrument. Does this amount to any material alteration ? Explain. 2

(d) 'Preamble does not over-ride the plain provision of the Act.' Comment. Also give suitable example. 3

4. (a) Explain various instances which make the allotment of securities as irregular allotment under the Companies Act, 2013. 4

(b) Madurai Ltd. issued a notice for holding of its Annual general meeting on 7th November 2018. The notice was posted to the members on 16th October 2018. Some members of the company allege that the company had not complied with the provisions of the Companies Act, 2013 with regard to the period of notice and as such the meeting was valid. Referring to the provisions of the Act, decide : 6

(i) Whether the meeting has been validly called ?

(ii) If there is a shortfall, state and explain by how many days does the notice fall short of the statutory requirement ?

(iii) Can the delay in giving notice be condoned ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(c) (i) The Companies Act, 2013 provides that the amount of dividend remained unpaid / unclaimed on expiry of 30 days from the date of declaration of dividend shall be transferred to unpaid dividend account within 7 days from the date of expiry of such period of 30 days. If the expiry date of such 30 days is 30.10.2018, decide the last date on or before which the unpaid/unclaimed dividend amount shall be required to be transferred to a separate bank account in the light of the relevant provisions of the General Clauses Act, 1897 ? **2**

(ii) Referring to the provisions of the General Clauses Act, 1897, find out the day/ date on which the following Act/Regulation comes into force. Give reasons also, **2**

(1) An Act of Parliament which has not specifically mentioned a particular date.

(2) The Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) (Fifth Amendment) Regulations, 2015 was issued by SEBI vide Notification dated 14th August, 2015 with effect from 1st January, 2016.

(d) How will you understand whether a provision in a statute is 'mandatory' or 'directory' ? **3**



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

5. (a) A group of individuals intend to form a club namely 'Budding Pilots Flying Club' as limited liability company to impart class room teaching and aircraft flight training to trainee pilots. It was decided to form a limited liability company for charitable purpose under Section 8 of the Companies Act, 2013 for a period of ten years and thereafter the club will be dissolved and the surplus of assets over the liabilities, if any, will be distributed amongst the members as a usual procedure allowed under the Companies Act. 5

Examine the feasibility of the proposal and advise the promoters considering the provisions of the Companies Act, 2013.

**OR**

Give the points of distinction between ordinary resolution and special resolution.

(b) (i) Explain the provisions of the Companies Act, 2013 relating to quorum for general meeting of a public company having total 30 members, of which, two members are bodies corporate and one member is the President of India. 3

Whether the representatives appointed by body corporate and President of India to participate in the general meeting shall be counted for quorum and can such representatives cast vote at that general meeting ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) If a member of a listed company who has casted his vote through electronic voting can attend general meeting of the company and change his vote subsequently and can he appoint a proxy ? 2

(c) (i) "An agent is neither personally liable nor can he personally enforce the contract on behalf of the principal." Comment. 4

(ii) What is the liability of a bailee making unauthorized use of goods bailed ?

(d) If it is defined as : 3

(i) "Company means a company incorporated under the Companies Act, 2013 or under any previous company Law".

(ii) "Person" includes, _______ under the Consumer Protection Act, 1986.

How would you interpret/construct the nature and scope of the above definitions ?

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

## PART – II

1. (a) S लिमिटेड की प्रदत्त अंशपूँजी 31 मार्च, 2018 को ₹ 1,00,00,000 है जो कि प्रत्येक ₹ 10 वाले 10,00,000 समता अंशों में विभाजित है । इसमें से 6,00,000 समता अंश H लिमिटेड द्वारा तथा 4,00,000 समता अंश अन्य द्वारा धारित हैं । साथ ही S लिमिटेड ने H लिमिटेड के 5% समता अंश धारण कर रखे है, इनमें से 1 % अंश H लिमिटेड के एक मृतक सदस्य के वैधानिक उत्तराधिकारी के रूप में धारित हैं । उपरोक्त दी गई सूचनाओं के आधार पर कम्पनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 4

(i) क्या S लिमिटेड 2018-19 के दौरान H लिमिटेड के समता अंशो में नया विनियोग और कर सकती है ?

(ii) क्या S लिमिटेड H लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा में मताधिकार का प्रयोग कर सकती है ?

(iii) क्या H लिमिटेड S लिमिटेड को अपने कुछ और अंशों का आबंटन या अन्तरण कर सकती है ?

(b) (i) मॉडर्न ज्वैलरी लिमिटेड अपने अभिगोपकों को अंशों के निर्गमन मूल्य का 5% अभिगोपन कमीशन देने का निर्णय करती है । परन्तु कम्पनी के अन्तर्नियम अंशों पर केवल 4% कमीशन देना ही अधिकृत करते हैं । 2

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कम्पनी के इस निर्णय की वैधता की जाँच कीजिये ।

(ii) PQ लिमिटेड ने 10% लाभांश की घोषणा की तथा मि. कुमार, जिनके पास 500 समता अंश हैं तथा जिन्होंने कम्पनी को लाभांश सीधे उनके बैंक खाते में जमा करने के निर्देश दे रखे हैं, के अतिरिक्त अपने सभी अंशधारियों को लाभांश का भुगतान कर दिया । मि. कुमार के निर्देशानुसार कम्पनी ने लाभांश बैंक को भेजा परन्तु बैंक ने इस आधार पर कि मि. कुमार द्वारा दिये गये खाता नम्बर बैंक के रिकार्ड से मेल नहीं खाते, भुगतान वापस कर दिया । यद्यपि कम्पनी ने इस विसंगति की सूचना मि. कुमार को नहीं दी । 2

कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत लाभांश भुगतान में असफल रहने के संदर्भ में इस मामले पर टिप्पणी कीजिये ।



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(c) भारत सरकार 'सन्' लिमिटेड की प्रदत्त समता अंश पूँजी का 51% धारित करती है। 31 अगस्त, 2018 को हुई कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंकेक्षित वार्षिक खाते रखे गये। यद्यपि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा खातों पर टिप्पणी न देने के कारण वार्षिक खातों के अनुमोदन के बिना ही सभा स्थगित कर दी गई। खातों पर CAG की टिप्पणियाँ प्राप्त होने पर स्थगित सभा 15 अक्टूबर, 2018 को हुई जिसमें खाते स्वीकृत कर दिये गये। तत्पश्चात् सन् लिमिटेड ने अपने वित्तीय वर्ष 2017–18 के वित्तीय विवरण 12 नवम्बर, 2018 को कम्पनी रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किये। इस सम्बन्ध में लागू होने वाले कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत जाँच कीजिये कि क्या सन लिमिटेड ने रजिस्ट्रार को लेखे फाइल करने की वैधानिक आवश्यकता पूरी कर दी है ? 4

(d) मनोज ने रंजन, जो कि एक खुदरा टैक्सटाइल व्यापारी है, के लिये शर्मा को, जो कि आपूर्तिकर्त्ता है, आगामी 3 महीनों की अवधि में उधार पर आपूर्ति किये जाने वाले माल हेतु ₹ 1,00,000 की गारन्टी दी। 4

एक महीने पश्चात् मनोज ने गारन्टी का खण्डन कर दिया जब तक शर्मा ने ₹ 40,000 का माल उधार पर आपूर्ति कर दिया था। भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के संदर्भ में निर्णय कीजिये कि क्या मनोज इसके पश्चात् शर्मा द्वारा उधार पर आपूर्ति किये गये माल के समस्त दायित्व से मुक्त हो जायेगा ? यदि रंजन उसे पहले से ही आपूर्ति किये गये ₹ 40,000 के माल का भुगतान करने में त्रुटि करता है तो उस स्थिति में आपका उत्तर क्या होगा ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(e) राम ने सिंह से कुछ माल उधार पर क्रय किया, जिसका भुगतान 3 महीने के भीतर किया जाना था । 2 माह के पश्चात् राम ने सिंह के पक्ष में एक खाली चैक लिखा तथा हस्ताक्षरित कर सिंह को यह प्रार्थना करते हुए सुपुर्द किया कि वह उसमें देय राशि भर ले क्योंकि राम को उसके द्वारा चुकाई जाने वाली सही राशि की जानकारी नहीं थी । 3

सिंह ने उस पर राम द्वारा देय वास्तविक राशि के स्थान पर कपटपूर्वक अधिक राशि लिख दी तथा स्वयं उसके द्वारा देय राशि के भुगतान के लिये चंद्रा को चैक का पृष्ठांकन कर दिया । राम का चैक अनादृत हो गया ।

परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में सिंह एवं चंद्रा के अधिकारों की चर्चा कीजिये ।

2. (a) कारण सहित बताइये कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य ?

(i) ABC प्राइवेट लिमिटेड अपने सदस्यों से ₹ 50 लाख की सीमा तक जमाएँ स्वीकार कर सकती हैं यदि इसकी प्रदत्त पूँजी, स्वतंत्र संचय एवं प्रतिभूति प्रीमियम खाते का कुल योग ₹ 50 लाख है । 1

(ii) एक सरकारी कम्पनी, जो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 76 के अन्तर्गत जमा स्वीकार करने की योग्यता रखती है, अपनी प्रदत्त पूँजी, मुक्त संचय एवं प्रतिभूति प्रीमियम खाते के कुल योग के 25% से अधिक जमाएँ स्वीकार नहीं कर सकती । 1

(iii) यदि कम्पनी ने प्रभार की संतुष्टि के लिये निर्धारित फार्म में प्रभार के धारक द्वारा हस्ताक्षरित सूचना रजिस्ट्रार को भेजी है तो कम्पनी रजिस्ट्रार प्रभार के धारक को इसकी सूचना देने हेतु बाध्य नहीं है । 1

(iv) कम्पनी रजिस्ट्रार कम्पनी अथवा प्रभार के धारक को फीस तथा निर्धारित अतिरिक्त फीस के भुगतान करने पर 300 दिनों के भीतर प्रभार की संतुष्टि की सूचना देने की अनुमति दे सकता है । 1



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) (i) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में आयकर अधिकारियों ने कर निर्धारण कार्यवाही के दौरान यह अवलोकन किया कि चेतन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2008-09 के खातों को पुन:खोलने की आवश्यकता है । अत: उन्होंने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (National Company Law Tribunal) को आवेदन किया कि चेतन लि. को वित्तीय वर्ष 2008-09 के खाते पुन: खोलने एवं वित्तीय विवरणों को पुनर्स्थापित करने का आदेश दे । आयकर अधिकारियों द्वारा दिये गये आवेदन की वैधता की जाँच कीजिये । 3

(ii) A लिमिटेड के संचालक मण्डल ने अपने वैधानिक अंकेक्षक से प्रार्थना की, कि वे कम्पनी की आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत बनाने के लिये वित्तीय सूचना प्रणाली के डिज़ाइनिंग एवं क्रियान्वयन का कार्यभार स्वीकार कर लें । A लिमिटेड के अंकेक्षक के रूप में इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के परिणामों को ध्यान में रखते हुए बताइये कि आपके इस प्रस्ताव पर क्या विचार हैं ? 3

(c) आरती, नरेश की पत्नी है । आरती ने मेसर्स रेनबो सिल्क, जयपुर से कुछ साड़ियाँ उधार पर क्रय की । 4

मैसर्स रेनबो सिल्क ने इस राशि की माँग नरेश से की । नरेश ने मना कर दिया । तब मैसर्स रेनबो सिल्क ने नरेश पर इस राशि के लिये वाद दायर किया । भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिये कि क्या मैसर्स रेनबो सिल्क, जयपुर सफल होंगे ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(d) परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अनुसार 'टिप्पण', 'प्रसाक्ष्य' एवं 'बेहतर प्रतिभूति के लिए प्रसाक्ष्य' की अवधारणा को समझाइये । 3

3. (a) कम्पनी द्वारा स्वयं के अंशों को खरीदने (पुनःक्रय) के लिये कौन से कोषों का उपयोग किया जा सकता है ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत उन परिस्थितियों का भी वर्णन कीजिये जिनमें कम्पनी द्वारा अपने अंशों का पुनःक्रय प्रतिबंधित होता है । 5

(b) (i) एलेक्स लिमिटेड वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-2019 में व्यापार में हानि वहन कर रही है । इससे तुरन्त पूर्व के तीन वर्षों में कम्पनी ने क्रमशः 7%, 11% एवं 12% लाभांश घोषित किया था । संचालक मण्डल ने तुरंत पिछले वर्ष के लाभांश के समकक्ष बनाये रखने के लिये वर्तमान वित्तीय वर्ष में 12% अन्तरिम लाभांश की घोषणा करने का निर्णय लिया । क्या संचालक मण्डल का यह कार्य वैध है ? 3

(ii) ईस्ट वेस्ट लिमिटेड के संचालकों ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिये समता अंशों पर 15% लाभांश प्रस्तावित किया । इसे 24 अक्टूबर, 2018 को हुई वार्षिक सामान्य सभा में अनुमोदित कर दिया गया । संचालकों ने अनुमोदित लाभांश घोषित कर दिया । 2

मि. बिनोय 31 मार्च,2018 को 2000 अंशों के धारक थे, परन्तु उन्होंने ये अंश मि. मोहन को अन्तरित कर दिये जिनका नाम 18 जून, 2018 को पंजीकृत हुआ । उपरोक्त लाभांश के लिये कौन अधिकारी है ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(c) (i) 'M' ने 'N' पर एक विलेख लिखा । 'N' ने बिना किसी प्रतिफल के इसे स्वीकार किया । विलेख बिना किसी प्रतिफल के 'O' को अंतरित कर दिया गया । 'O' ने इसे 'P' को ₹ 10,000 के लिये अन्तरित कर दिया । विपत्र के अनादृत हो जाने पर 'P' ने 'O' पर ₹ 10,000 की वसूली के लिये वाद प्रस्तुत किया । जाँच कीजिये कि क्या 'O' को 'M' तथा 'N' के विरुद्ध कार्यवाही करने का अधिकार है ? 2

(ii) एक विनिमय विपत्र भुगतान हेतु समय का उल्लेख किये बिना बनाया गया । धारक ने विलेख के मुख पर "मांग पर" शब्द जोड़ दिये । क्या यह महत्त्वपूर्ण परिवर्तन माना जायेगा ? समझाइये । 2

(d) 'प्रस्तावना, अधिनियम के सामान्य प्रावधान का अधिरोहण नहीं करती ।' टिप्पणी कीजिये तथा उचित उदाहरण भी दीजिये । 3

4. (a) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत ऐसी विभिन्न परिस्थितियाँ बताइये जिनमें प्रतिभूतियों का आबंटन अनियमित आबंटन माना जाता है । 4

(b) मदुराई लिमिटेड ने 7 नवम्बर, 2018 को आयोजित होने वाली वार्षिक साधारण सभा के लिये नोटिस जारी किया । नोटिस 16 अक्टूबर, 2018 को सदस्यों को डाक द्वारा प्रेषित किया गया था । कुछ सदस्यों ने शिकायत की कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के नोटिस की अवधि सम्बन्धी प्रावधानों को पूरा नहीं किया गया है । अतः सभा वैध रूप से नहीं बुलायी गई है । इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिये कि : 6

(i) क्या सभा वैध रूप से बुलाई गई है ?

(ii) यदि सूचना की अवधि कम है तो बताइये कि वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप सूचना हेतु कितने दिन कम हैं ?

(iii) क्या सूचना देने में देरी क्षम्य है ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(c) (i) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार लाभांश घोषित करने की तिथि के 30 दिन समाप्त होने के पश्चात् अयाचित तथा अदत्त लाभांश ऐसे 30 दिनों की समाप्ति के 7 दिनों के भीतर अदत्त लाभांश खाते में जमा कर दिया जायेगा । यदि ये 30 दिन 30.10.2018 को समाप्त हो जाते हैं तो निर्णय कीजिये कि सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897, के प्रावधानों के अन्तर्गत इस अयाचित/बकाया लाभांश की राशि को पृथक बैंक खाते में किस तिथि तक इससे पहले जमा करवाया जा सकता है ? **2**

(ii) सामान्य वर्ग अधिनियम, 1897 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए बताइये कि निम्नलिखित अधिनियम/नियमन किस तिथि/दिन से लागू माने जायेंगे ? कारण भी बताइये । **2**

(1) संसद का एक अधिनियम जिसमें किसी निश्चित तिथि का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं है ।

(2) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूँजी जारी करने एवं प्रकटीकरण सम्बन्धी आवश्यकताएँ) (पाँचवाँ संशोधन) नियमन 2015, सेबी द्वारा 14 अगस्त, 2015 को अधिसूचित तथा 1 जनवरी, 2016 से प्रभावी ।

(d) एक संविधि में कोई प्रावधान अनिवार्य है या निर्देशक, आप यह कैसे समझेंगे ? **3**



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

5. (a) व्यक्तियों का एक समूह एक क्लब बनाना चाहता है जो कि 'बडिंग पायलट्स फ्लाइंग क्लब' के नाम से सीमित दायित्व वाली कम्पनी होगी तथा जो प्रशिक्षू पायलटों को एयरक्राफ्ट उड़ाने का कक्षा-शिक्षण एवं प्रशिक्षण देगी । यह निश्चित किया गया कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अन्तर्गत पुण्यार्थ उद्देश्य से 10 वर्षों के लिये सीमित दायित्व वाली कम्पनी का निर्माण किया जाये तत्पश्चात् इसका समापन कर दिया जायेगा तथा सम्पत्तियों के दायित्व पर शेष आधिक्य (यदि कोई है) को कम्पनी अधिनियम की सामान्यत: मान्य प्रक्रिया के अधीन सदस्यों में वितरित कर दिया जायेगा । 5

उपरोक्त प्रस्ताव की उपयुक्तता की जाँच कीजिये तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को ध्यान में रखकर प्रवर्तकों को सुझाव दीजिये ।

**अथवा**

सामान्य प्रस्ताव एवं विशेष प्रस्ताव में अन्तर के बिन्दु बताइये ।

(b) (i) एक सार्वजनिक कम्पनी, जिसमें कुल 30 सदस्य हैं, जिनमें से 2 सदस्य निगमित निकाय तथा एक सदस्य भारत के राष्ट्रपति हैं, की साधारण सभा की कार्यवाहक संख्या के संदर्भ में कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधान बताइये । 3

क्या निगमित निकाय तथा भारत के राष्ट्रपति द्वारा सभा में भाग लेने के लिये नियुक्त प्रतिनिधियों को कार्यवाहक संख्या में गिना जायेगा तथा क्या ये प्रतिनिधि साधारण सभा में मत दे सकते हैं ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(ii) यदि एक सूचीबद्ध कम्पनी के सदस्य ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान कर दिया हो, तो क्या वह सदस्य सामान्य सभा में उपस्थित हो सकता है एवं तत्पश्चात् अपना मत परिवर्तित कर सकता है तथा यह भी बताइये कि क्या वह प्रतिपुरुष नियुक्त कर सकता है ? **2**

(i) "प्रधान की ओर से किये गये अनुबंधों को एजेन्ट ना तो व्यक्तिगत रूप से प्रवर्तित कर सकता है और न उनसे आबद्ध ही होता है ।" टिप्पणी कीजिये । **4**

(ii) निक्षेपगृहीता द्वारा निक्षेपित वस्तु के अनाधिकृत उपयोग करने पर उसके क्या दायित्व होंगे ?

(d) यदि यह इस प्रकार परिभाषित किया गया है : **3**

(i) "कम्पनी से आशय कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत अथवा उससे पूर्व के किसी कम्पनी कानून के अन्तर्गत समामेलित कम्पनी से है ।"

(ii) "उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत व्यक्ति में शामिल है ________"

आप उपरोक्त परिभाषाओं की प्रकृति एवं क्षेत्र की किस प्रकार व्याख्या/निर्वचन करेंगे

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

रोल नं. ............................ कुल पृष्ठ – 20

कुल प्रश्नों की संख्या – 5 अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा । OMR उत्तर-पत्र पर कोई बार कोड स्टीकर नहीं लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I (b) OMR उत्तर-पत्र और (c) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

---

**भाग – II** **70 अंक**

1. भाग–II में 5 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है, का उत्तर दीजिये तथा शेष 4 प्रश्नों में से किन्हीं 3 का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, सभी परीक्षार्थियों को उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । यदि किसी परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



© The Institute of Chartered Accountants of India